एफ.एच.डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

फरवरी, 2021

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 300 शब्दों में दीजिए :*

1. कार्यवृत्त और कार्यसूची में अन्तर स्पष्ट करते हुए कार्यवृत्त लेखन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए । *10*

2. प्रभावी लेखन की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । *10*

3. "पत्र लेखन एक साहित्यिक विधा है ।" इस कथन पर टिप्पणी कीजिए । *10*

4. डायरी की प्रमुख विशेषताएँ उद्‌घाटित कीजिए । *10*

5. 'निराला की साहित्य-साधना' के प्रतिपाद्य का विश्लेषण कीजिए । *10*

खण्ड ख

*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 – 150 शब्दों में दीजिए :*

6. मौखिक सम्प्रेषण को सोदाहरण समझाइए । *5*

7. सरकारी पत्र की रूपरेखा तैयार कीजिए । *5*

8. संचार के लिए लेखन की विशेषताएँ बताइए । *5*

9. श्रव्य माध्यमों की भाषा की प्रमुख विशेषताएँ बताइए । *5*

10. जीवनी और रेखाचित्र में अंतर स्पष्ट कीजिए । *5*

11. नोट्स लेखन पर टिप्पणी कीजिए । *5*

खण्ड ग

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 – 50 शब्दों में दीजिए : *5×2=10*

(क) रचना का विषय चयन करने के लिए कहाँ-कहाँ से सामग्री ली जा सकती है ?

(ख) साक्षात्कार का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) आख्यान के दो प्रमुख स्रोतों पर प्रकाश डालिए ।

(घ) आत्मकथा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

(ङ) डायरी की तीन विशेषताएँ बताइए ।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए : *5×1=5*

(क) भाषा का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य है

(अ) सम्प्रेषित करना

(ब) भावों को छिपाना

(स) अभिव्यक्ति को रोकना

(द) मनोरंजन करना

(ख) रेडियो है

(अ) एक दृश्य-श्रव्य माध्यम

(ब) एक दृश्य माध्यम

(स) एक श्रव्य माध्यम

(द) एक मुद्रित माध्यम

(ग) संस्मरण की विशेषता है

(अ) औपचारिकता

(ब) अंतरंगता

(स) अविश्वसनीयता

(द) संदिग्धता

(घ) औपचारिक पत्र किसे ***नहीं*** लिखा जाता है ?

(अ) अधिकारी को

(ब) संपादक को

(स) मंत्री को

(द) माता को

(ङ) सुभद्रा कुमारी चौहान के चरित्र का गुण था

(अ) दृढ़ता

(ब) विद्रोही

(स) देशभक्ति

(द) उपर्युक्त सभी